सिद्धचक्र महापूजन आज

बीकानेर, (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिवर महाराज की निश्रा में बुधवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में सुबह सवा सात बजे णमिऊण साधना, पौने नौ बजे ज्ञान पंचमी की आराधना व उसके बाद जैनाचार्य उदय सागर की पुण्यतिथि पर उनकी गुणनुवाद सभा होगी।

नाहटा चौक के भगवान आदिनाथ मंदिर में सिद्धचक्र महापूजन का आयोजन होगा। गुरूवार को प्रवचन पंडाल में सुबह सवा नौ बजे प्रवचन स्थल पर चन्द्रप्रभु लक्ष्मी महा पूजन होगा। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि बुधवार को सुगनजी महाराज के उपासरे में नमिऊण साधना व ज्ञान पंचमी की आराधना के लिए विशेष मंडप बनाया गया है।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में मंगलवार को बीकानेर के मुनि संवेग रतन सागर महाराज ने कहा ज्ञानावरणीय कर्म को तोड़ने या कम करने के लिए ज्ञान पंचमी की आराधना करना चाहिए। ज्ञान पंचमी के दिन तप, उपवास, आयम्बिल व एकासना की साधना करें तथा देववंदन व ज्ञान के मंत्र 'ऊं ह्रं नमो नाणस्स' का जाप करें।

देशनोक व कोलायत में होंगे 26 करोड़ के विकास कार्य

- **करणी माता मंदिर परिसर के आसपास के एरिया में यात्री शेड, वाटर बूथ, परिक्रमा मार्ग पर लाइटिंग और शेड, सीसीटीवी कैमरा, पाथ-वे, हाइमास्क लाइट, पर्यटन सुविधा केन्द्र, म्यूजियम सहित अन्य निर्माण कार्य करवाए जायेंगे**

बीकानेर, (कासं)। केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में बीकानेर जिले के देशनोक और कोलायत में 26 करोड़ रूपए के काम होंगे। इसकी डीपीआर मंजूर हो गई है।

केन्द्र सरकार ने देशनोक की डीपीआर में कुछ बदलाव करवाए हैं। प्रसाद योजना में देशनोक में 23 करोड़ 91 लाख रूपए के काम होंगे। वहीं कोलायत में 2 करोड़ 5 लाख के काम होंगे। देशनोक में करणी माता का मंदिर में केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत विकसित किया जायेगा। इसके लिए 23 करोड़ 91 लाख रूपए के डीपीआर को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है।

पर्यटन विभाग के मुताबिक मंदिर परिसर के आसपास के एरिया में यात्री शेड, वाटर बूथ, परिक्रमा मार्ग पर लाइटिंग और शेड, सीसीटीवी कैमरा, पाथ-वे, हाइमास्क लाइट, पर्यटन सुविधा केन्द्र, म्यूजियम सहित अन्य निर्माण कार्य करवाए जायेंगे। पर्यटन सुविधा केंद्र में मंदिर और आसपास के एरिया की तमाम जानकारियां, इतिहास, और कहां-कहां जाना है। इस बारे में संपूर्ण जानकारी मिलेगी। चूहों वाला मंदिर के नाम से विश्वविख्यात देशनोक स्थित करणी माता मंदिर की और भव्य होन के साथ सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी।

इसके लिए खर्च होने वाले 23 करोड़ 91 लाख रुपए की डीपीआर को राज्य सरकार ने मंजूरी के बाद केंद्र को भेज दिया है। बजट आवंटित होते ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। केंद्र सरकार से जारी होने वाले बजट का इंतजार है। देश-विदेश में प्रसिद्ध इस मंदिर परिसर में होने वाले कामकाज की डीपीआर पीडी कॉर कंसलटेंट एजेंसी ने तैयार की है। एजेंसी के तकनीकी अधिकारी मौका मुआयना कर होने वाले कामकाज को फाइनल कर चुके हैं।

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजना 2.0 तहत करणीमाता मंदिर सहित देश के 53 प्रोजेक्ट का शिलान्यास 7 मार्च को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया था। फिर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी कोलायत और करणी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। दोनों धार्मिक स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की दिक्कत न हो।

देशनोक के लिए पीडी कॉर कंसलटेंट एजेंसी की डीपीआर को राज्य सरकार मंजूर किया है। पहले 25 करोड़ के प्रस्तावों को फाइनल कर बजट के लिए केंद्र सरकार के पास भेजी गई है, केंद्र ने उसमें कुछ बदलाव करने को कहा है। अब 23 करोड़ 91 लाख रुपए के काम पर मुहर लगनी बाकी है। बजट मिलते ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया जाएगा। कोलायत में करवाए जाने वाले कामों की डीपीआर जयपुर से तैयार करवाई गई है। यहां पर 2 करोड़ पांच लाख रुपए के काम होंगे। ये काम होने के बाद दोनों की स्थानों पर निश्चित ही पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में सांख्य प्रणेता कपिल मुनि की तपोस्थली को भी विकसित किया जाएगा। यहां 205 लाख रुपए के काम होंगे। इसके लिए भी डीपीआर तैयार हो चुकी है। बजट मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। योजना में सरोवर के पास बने 12 शिवलिंग मंदिरों को जीर्णोद्धार करवाकर उनको संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए यहां टायलेट ब्लॉक, ड्रिंकिंग वॉटर कूलर और वाटर हट बनाए जाएंगे। इतना ही नहीं सरोवर के चारों और स्टोन के कचरा संग्रहण केंद्र बनेंगे। पत्थर की कुसिर्यां और साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। विदित रहे कि कोलायत के 12 शिवलिंग मंदिर काफी पुराना होने के कारण ये जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

सैनी सामूहिक विवाह 12 को

बीकानेर, (कासं)। माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह 12 नवम्बर को होगा। दिखावा बंद हो और जरूरतमंद को लाभ मिले इसी उद्देश्य से माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन होता है। यह बात माली सैनी सामूहिक विवाह समारोह समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने सोमवार शाम को गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव पार्वती भवन में आयोजित सावा स्थापना कार्यक्रम में कही। अध्यक्ष भाटी ने बताया कि समाज में एकजुटता रहे, फिजुलखर्ची व दिखावे पर अंकुश लगे। इसी उद्देश्य से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाता है।

भाटी ने बताया कि इस बार आठ जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने जा रहे हैं। सावा स्थापना कार्यक्रम में माली समाज के गुरू सुनील महाराज व पं. उत्तम महाराज द्वारा पूजन कार्य करवाया गया। इस दौरान आठों जोड़ों के परिजन उपस्थित हुए। इससे पहले गणेश भगवान, कोडमदेसर भैरूनाथ व महादेव को कुमकुम पत्रिका भेंट कर वैवाहिक समारोह में निमंत्रण दिया गया। भाटी ने बताया कि 12 नवम्बर को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के लिए कमेटियों का गठन किया गया है। सबसे पहले बारात लेकर पहुंचने वाले दुल्हे को सम्मानित किया जायेगा।

सार-समाचार

नगर निगम उपायुक्त का अभिनंदन



अखिल आदिवासी मीणा महासभा ने नगर निगम उपायुक्त डॉ. कुलराज मीना का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। अखिल आदिवासी मीणा महासभा व शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में नगर निगम बीकानेर के उपायुक्त डॉ. कुलराज मीना का साहित्यकार डॉ. कांता मीना के काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरूशिखा की प्रति भेंट करके व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। उपायुक्त डॉ. मीना ने कहा कि दोनों कृतियों की लेखनी उम्दा है। इस अवसर पर बीकानेर शहर का सौन्दर्यकरण व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा का समय बढ़ाने आदि मांगों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, अखिल आदिवासी मीणा महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा, अजा. जजा. व पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला संरक्षक श्यामसुन्दर बिश्नोई, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप कुमार मीना, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल मीणा, शिक्षक संघ रेसटा के सहलाकार हनुमान शर्मा, जिला संरक्षक एस.एस.शर्मा, संजय मीणा आदि उपस्थित थे।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 15 से

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (जीईपीएल-2024) का आयोजन 15 से 17 नवम्बर तक धरणीधर खेल मैदान में किया जायेगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मंगलवार को राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया। प्रतियोगिता में बीकानेर जिले के विभिन्न विभागों की कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ, बीकानेर के अध्यक्ष मनोहर पाल भंवरिया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारियों के मध्य आपसी सौहार्द एवं समन्वय स्थापित करना व खेलकूद के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के समन्वयक राहुल आचार्य ने प्रतियोगिता के नियमों के बारे में बताया। पोस्टर विमोचन में मो. सलीम, अभिनव गोस्वामी, अनिल पंवार, विशाल विश्वकर्मा, पूनम चन्द बिश्नोई, कैलाश भोजक, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलाते चार बुकी गिरफ्तार

- **पुलिस ने मौके से 6 लाख 71 हजार रुपए की नकदी के अलावा 7 लैपटॉप/डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 12 मोबाइल फोन व करोड़ों रूपए का हिसाब-किताब तथा डायरियां जब्त की**

हनुमानगढ़, (कासं)। भादरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फेक/डमी आईडी बनाकर ऑनलाइन क्रिकेट बुकी, सट्टा व ऑफ रिकॉर्ड कम्युनिटी का कार्य करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 6 लाख 71 हजार 200 रुपए की नकदी के अलावा 7 लैपटॉप/डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 12 मोबाइल फोन व करोड़ों रूपए का हिसाब-किताब तथा डायरियां जब्त की हैं।

पुलिस अधीक्षक अरशद अली की ओर से जुआ-सट्टा व ऑनलाइन गेम्बलिंग के खिलाफ अपनाई जा रही जीरो टोलरेंस नीति के तहत पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी विदेश में निवासरत व्यक्ति से ऑनलाइन क्रिकेट आइडी लेकर मुनाफा राशि अवैध रूप से टोकन के जरिए बाहर भेजते थे। जिला विशेष टीम सेक्टर नोहर के सहयोग से की गई इस कार्रवाई के संबंध में भादरा पुलिस थाना में बीएनएस, विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, विदेशी मुद्रा व्यवस्था अधिनियम की धाराओं के साथ आरपीजीओ व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अरशद अली की ओर से जिले में अवैध मादक पदार्थों, जुआ, सट्टा, क्रिकेट बुक्की व अवैध धंधों की रोकथाम के लिए अपनाई जा रही जीरो टोलरेंस नीति की सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सख्ती से पालना करवाए जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही आमजन को गुप्त रूप से सूचना देने के लिए अपील की गई है।

इसी क्रम में जिला विशेष टीम सेक्टर नोहर की सूचना पर भादरा पुलिस थाना के कार्यवाहक प्रभारी एसआई वीरचंद के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार देर रात्रि को भादरा कस्बा स्थित एक मकान में दबिश देकर चार व्यक्तियों कपिल (37) पुत्र ग्यामल दास सिंधी निवासी वार्ड चार, भादरा, संदीप (30) पुत्र राजकुमार नाई निवासी वार्ड 21, भादरा, प्रभुदयाल (34) पुत्र सुभाष चन्द्र खटीक निवासी वार्ड सात, भादरा व नरेश (28) पुत्र महेश अग्रवाल निवासी वार्ड 29, भादरा को सट्टा की ऑनलाइन खाइवाली करते गिरफ्तार किया। मौके से 7 लैपटॉप/डेस्कटॉप कम्प्यूटर व स्क्रीन, 8 स्मार्ट फोन, 4 कीपेड फोन, 6 लाख 71 हजार 200 रुपए की नकदी, एटीएम, चैकबुक व करोड़ों रूपए का हिसाब-किताब बरामद हुआ।

इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश पीलीबंगा पुलिस थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण के सुपुर्द की। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में कार्यवाहक थाना प्रभारी वीरचंद, कांस्टेबल सुभाष, मदनलाल व मोहनलाल शामिल रहे। इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम सेक्टर नोहर की विशेष भूमिका रही।

पुलिस के अनुसार आरोपी ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे की आईडी देवेन्द्र निवासी अहमदाबाद (गुजरात) से खरीदते थे जो वर्तमान में सउदी अरब में निवासरत है। क्रिकेट सट्टे की आईडी खरीद कर आरोपी भादरा व आसपास के इलाकों में ग्राहकों को आईडी बेचकर उनसे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाते और बाद में हिसाब-किताब कर मुनाफा राशि काटकर शेष राशि टोकन के जरिए अवैध रूप से विदेश में बैठे देवेन्द्र को भेज देते।

प्रवेश नवीनीकरण की फीस 15 तक जमा करा सकेंगे

नोखा,(कासं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय कॉलेज में नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश नवीनीकरण के लिए फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर तक कर दी गई है।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सत्य नारायण राजपुरोहित व प्रवेश प्रभारी डॉ रणवीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के नियमित विद्यार्थी जो किन्हीं कारणों से अभी तक भी प्रवेश नवीनीकरण हेतु फीस जमा नहीं करवा पाए हैं।

वे इसे अंतिम अवसर मानते हुए आवश्यक रूप से 15 नवम्बर तक ई-मित्र के माध्यम से फीस जमा करवा देवें। निर्धारित शुल्क ई-मित्र या अन्य माध्यम से ऑनलाइन जमा करवाने के लिए पूर्व कक्षा के एप्लीकेशन नं. की आवश्यकता रहेगी जो विद्यार्थियों की कॉलेज आईडी पर लिखे हुए है।

फीस जमा करवाने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपना जन आधार वेरिफाइड करवाना आवश्यक होगा। विद्यार्थियों द्वारा उक्त कक्षाओं के लिए निर्धारित तिथि तक नवीनीकरण प्रवेश हेतु फीस जमा नहीं करवाने पर उन्हें महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश देना संभव नहीं होगा। इसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। निर्धारित तिथि के बाद फीस जमा नहीं होगी।

इस साल डेंगू रोगियों का आंकड़ा 1000 के पार

- **वर्ष 2021 में ये आंकड़ा पीबीएम अस्पताल में 933 रोगियों का था**
- **कुछ डेंगू रोगियों की पसलियों में पानी भरने का मामला भी सामने आया**

बीकानेर, (कासं)। यहा डेंगू रोगियों की संख्या ने पिछले कई साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां पीबीएम अस्पताल में अब तक 1 हजार से ज्यादा डेंगू रोगी पहुंच चुके हैं। जबकि वर्ष 2021 में ये आंकड़ा पीबीएम अस्पताल में 933 रोगियों का था। साल भर में डेंगू के पांच रोगियों की मौत हो चुकी है।

पीबीएम अस्पताल के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस बार डेंगू के रोगियों में जटिलता ज्यादा है। बड़ी संख्या में ऐसे डेंगू रोगी भी भर्ती हुए जिनकी प्लेटलेट्स 5 हजार से कम हो गई। हालांकि इसके बाद भी उनकी जान बचाई गई है। कुछ डेंगू रोगियों की पसलियों में पानी भरने का मामला भी सामने आया है। पहली बार इस तरह के लक्षण डेंगू रोगी में पाए गए। हालांकि ऐसे रोगी भी ठीक होकर वापस घर लौट गए हैं। पूरे साल में पांच रोगियों की मौत हुई, जिसमें एक की मौत कुछ दिन पहले हुई।

साल 2024 में बीकानेर जिले में डेंगू के 810 रोगी मिले हैं। जिसमें पांच की मौत हुई। 805 रोगियों की जान बचा ली गई। पीबीएम में भर्ती रोगियों की संख्या ज्यादा थी। क्योंकि यहां श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, अनूपगढ़, नागौर तक से रोगी पहुंचते हैं। इनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के क्षेत्र वाले एरिया से भर्ती रोगियों की संख्या 810 थी।

उधर सरकारी अस्पताल नहीं पहुंचने वाले रोगियों की गिनती नहीं हो रही। बड़ी संख्या में रोगी प्राइवेट हॉस्पिटल या फिर प्राइवेट प्रेक्टिशनर के यहां पहुंच जाते हैं। वहीं इलाज लेकर ठीक हो जाते हैं। ऐसे में इन रोगियों की गिनती नहीं हो पाती। एक अनुमान के मुताबिक ऐसे रोगियों की संख्या भी सैकड़ों में है। बीकानेर में अब हर साल ही डेंगू के मच्छर का प्रकोप रहता है।

अब से पहले वर्ष 2021 में डेंगू रोगियों की संख्या 933 तक पहुंच गई थी। तब सिर्फ आईएम पॉजिटिव को ही डेंगू पॉजिटिव माना जाता था। लेकिन अब एनएस वन पॉजिटिव रोगी को भी डेंगू में पॉजिटिव मानकर गिना जाता है। ऐसे में रोगियों की संख्या बढ़ी हुई सामने आई है।

घर से लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी

- **महिला ने 3 युवकों को दीवार फांदकर भागते देखा, कमरे में अलमारी खुली मिली**

बीकानेर, (कासं)। यहां के परकोटा क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दो दिन पहले पुष्करणा स्कूल के पास एक महिला से चैन लूट ली गई। अब नत्थूसर गेट पर एक घर से चोर लाखों रूपए के सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गए। नया शहर थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया गया है।

नत्थूसर गेट के बाहर रहने वाले दीपक कुमार पुरोहित ने रिपोर्ट में बताया कि देर रात वह नींद से उठा तो घर में आवाज आ रही थी। उसने देखा तो तीन युवक उसके घर की दीवार फांदकर भागते नजर आए। कमरों में देखा तो सामान बिखरा हुआ था। अलमारी भी खुली थी और उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। सात नग सोने की चूड़ियां चोरी हो गई है। बाजार में इनकी कीमत लाखों रूपए हैं।

इसके अलावा सोने के सात तनखे, दो सोने के छोटे कड़े, एक सोने की अंगूठी भी चोरी हो गई। इसके अलावा चांदी कड़े आदि भी चोर ले गए। 15 हजार रूपए नगद भी रखे हुए थे, जो चोर ले गए। घटना के बारे में नयाशहर पुलिस को सूचना दी गई। जहां एफआईआर दर्ज हो गई है लेकिन अब तक चोर का सुराग नहीं लगा है।

डी.ए.पी. खाद के 900 बैग बांटे

घमंडिया, (निसं)। रिड़मलसर में क्रय विक्रय सहकारी समिति, विनायक बहुउद्देशीय सहकारी समिति व ग्राम सेवा सहकारी समिति में 300-300 बैग डीएपी खाद के पहुंचे।

डीएपी की आने की जानकारी मिलते ही तीनों समितियों पर किसानों की लम्बी कतारें लग गई। जमाबंदी व आधार पर किसानों को 10 बीघा पर 5 बैग, 6 बीघा पर 3 व 8 बीघा पर 4 बैग दिए जा रहे थे। इस दौरान कई लघु सीमांत किसानों ने डीएपी वितरण में भेदभाव का आरोप लगाया। क्रय विक्रय सहकारी समिति, विनायक बहुउद्देशीय सहकारी समिति व ग्राम सेवा सहकारी समिति पर करीब 200 से अधिक किसानों को 900 बैग वितरित किए गए। गये। सहायक कृषि अधिकारी कृष्ण कुमार ने क्रय विक्रय सहकारी समिति पर वितरित कराए।

18 गैस सिलेंडर मय अवैध रिफिलिंग मशीन जब्त

- **घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक रिफिलिंग मशीन जब्त की**

बीकानेर, (कासं)। जिला रसद अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि नया शहर थाने के पास स्थित रामदेव ट्रेडर्स नामक दुकान में संजय बिश्नोई पुत्र कपिल बिश्नोई निवासी जेएनवी कॉलोनी को मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर से गैस भरते हुए पकड़ा गया। वहां से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक रिफिलिंग मशीन जब्त की गई।

दूसरे प्रकरण में रंगोलाई महादेव मंदिर के पास मनीनाथ सिद्ध पुत्र लालनाथ सिद्ध के कब्जे से 10 घरेलू गैस सिलेंडर, एक कामर्शियल सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक रिफिलिंग मशीन जब्त की गई जिससे अवैध रिफिलिंग की जा रही थी। साथ ही करमीसर में इंडियन इंग्लिश स्कूल के सामने मुरलीधर व्यास नगर में श्रीराम की दुकान पर किशन पुत्र बचनसिंह गहलोत निवासी सुजानदेसर को भी अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते हुए पकड़ा गया। मौके पर 04 घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। कार्रवाई में 18 सिलेंडर मय अवैध रिफिलिंग मशीन जब्त किए गए। यह प्रकरण एलपीजी अधिनियम, 2000 के खंड सं. 3, 4, 5 व 7 का स्पष्ट उल्लंघन है। इन प्रकरणों में जब्त की गई समस्त सामग्री को नजदीकी गैस ऐजेंसियों के गोदाम में सुरक्षित रखने के लिए सुपुर्द कर पाबंद किया गया ताकि न्यायालय से आदेश प्राप्ति तक जब्त सामान को यथावत सुरक्षित रखा जाए। इस निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार, प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह और प्रखर भार्गव शामिल थे।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार एलपीजी के दुरूपयोग एवं अवैध रिफिलिंग के विरूद्ध अभियान के तहत घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक दुरूपयोग की रोकथाम के लिए औचक निरीक्षण के साथ कार्रवाई की गई।

मंडी में 65 हजार बोरी मूंगफली आई

बीकानेर, (कासं)। श्रीगंगानगर रोड स्थित मुख्य अनाज मंडी में 65 हजार बोरी मूंगफली की आवक हुई। सीजन में पहली बार मूंगफली की एक साथ इतनी आवक हुई है। हालांकि आगामी दिनों में इसकी संख्या एक लाख बोरी रोजाना तक पहुंच जायेगी। सोमवार से मूंगफली की बोली दो बोली से शुरू हुई। दो बोली का असर यह हुआ कि पहले दिन महज 6 घंटे में मूंगफली की एक हजार ढेरियों की नीलामी हो गई। कच्ची आढ़त व्यापार संघ के अध्यक्ष जयदयाल डूडी ने बताया कि सोमवार को जिंसों की बोली के दौरान मूंगफली के भाव 4500 से 6500 रूपए प्रति क्विंटल रहे। इसी प्रकार ग्वार 14 हजार बैग की आवक के साथ 5000 से 5090 रुपए तथा मोंठ 2 हजार बैग की आवक के बाद 4500 से 4700 रूपए प्रति क्विंटल बिका। डूडी ने बताया कि मूंगफली की दो बोली सुबह 11 से शाम 5 बजे तक हुई थी। इसी क्रम में मंगलवार को भी जिंसों की बोली होगी। दीपावली के बाद पहली बार अनाज मंडी में मूंगफली की बंपर आवक दिखाई दी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 21.11.2024 को 15.00 बजें** तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **ई-निविदा सूचना संख्या. 143-24-25. कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/बीकानेर के अधीन से बीकानेर से ईस्ट तक क्षतिग्रस्त पनाईप लाईन और सादुल कॉलोनी, ओल्ड कॉलोनी तथा आरपीएफ कॉलोनी में क्षतिग्रस्त आरओ पाईप लाईन की मरम्मत एवं आरपीएफ कॉलोनी बीकानेर में मौजूदा सिवरेज प्रणाली एवं जल निकासी प्रणाली की मरम्मत और लालगढ़ में नई रेलवे कॉलानी की जल निकासी प्रणाली में सुधार का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,09,98,626.79 **धरोहर राशि:** रु. 2,05,000/-. **नोट:-** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

1273-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई- निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। **निविदा सं.: 07-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/2024-25. कार्य का नाम:** Repairing, Rewinding, reconditioning and lowering/lifting of submersible pumps over Bikaner Division for two years. **अनुमानित लानत :** ₹ 72,56,750/-. **धरोहर रुपये:** ₹1,45,100/-. **निविदा दस्तावेज लागत:** Nil. **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 26.11.2024** को **15.00** बजे तक। **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 26.11.2024** को **15.00 बजे** के बाद।

1272-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

एम.एम.के. नहर से पानी चोरी करते पकड़ा

- **6 इंच व्यास की पाइप बरामद**
- **सिंचाई पानी की डिग्गी भर रहा था किसान**

श्रीगंगानगर,(कासं)। एमएम के नहर से पानी चोरी करने पर एक काश्तकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार रात्रि को सरदारपुरा माइनर अध्यक्ष के प्रतिनिधि पंकज धामू गश्त कर रहे थे। उस दौरान चक 38 एमएमके मोघे पर किसी व्यक्ति के द्वारा पाइप लगाकर पानी चोरी करने का अंदेशा हुआ।

इस पर पंकज धामू ने उमेवाला माइनर के अध्यक्ष विजय गोदारा और एमएम के माइनर अध्यक्ष बलराम देहडू को सूचना दी। सभी ने एक साथ मौके पर पहुंचकर पानी चोरी करने वाले काश्तकार रामनिवास पुत्र हेतराम जाट निवासी मोरजंड खारी को मौके पर पकड़ा। काश्तकार छह इंच डाया और 40 फीट लंबे दो पाइप लगा कर नहर से पानी चोरी कर रहा था। पानी चोरी के निशान से बचने के लिए पाइप के नीचे दरी लगा रखी थी। आरोप है कि काश्तकार अपने खेत में बनी सिंचाई की डिग्गी भर रहा था।

हालांकि इस दौरान उसके सहयोगी तीन लोग फरार हो गए। बरामद पाइप अध्यक्ष ट्रैक्टर ट्रॉली में डालकर घर ले आए। उसके बाद रविवार को सादुलशहर थाने पहुंच कर अध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज कराया। मामले की जांच हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह कर रहे हैं। सोमवार तक पुलिस ने घटना का मौका नहीं देखा।इ पानी चोरी की जानकारी संबंधित विभाग हनुमानगढ़ के जेईएन गगनदीप सिंह, एक्सई एन गौरव जांगिड़, सुनील को सूचना दी जिस पर अधिकारी ने नहर पर जाकर मौका देखा। लालगढ़ जाटान एसडीएस वितरिका के दो एसडीएस मोघे में फट्टी लगाकर किसान को पानी चोरी पकड़ी। मौके से किसान फरार हो गया। बाद में बीके 121 अध्यक्ष व अन्य किसानों ने मोके पर बेलदार को बुलाया और फट्टी निकलवाई। घटना शनिवार-रविवार रात्रि की बताई गई है। काश्तकार धर्मपाल गोदारा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से एसडीएस वितरिका नहर के टेल के किसान सिंचाई विभाग से मिलकर टेल पर पानी पूरा करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में एसडीएस वितरिका नहर बीके 121 के अध्यक्ष विनोद गांधी, राजेंद्र ज्यानी, अनिल खालिया, ओमप्रकाश, अमर सिंह टीसी सदस्य, रणवीर सिंह खालिया व अन्य काश्तकार शनिवार रात्रि 12 बजे नहर नहर पटरी पर निरीक्षण करते हुए दो एसडीएस मोघे के पास पहुंचे।

33 केवी लाइन में कट से बिजली कटौती

बीकानेर, (कासं)। गजनेर रोड पर 33 केवी बिजली की लाइन में कट लगने से स्थानीय लोगों को रात और दिन में बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड (बीकेईएसएल) के तकनीकी कर्मचारियों की टीम को लाइन में कट की सूचना रात करीब 12 बजे लगी। इससे पहले वे लाइन में फॉल्ट को ढूंढ़ने में लगे थे। बताया जा रहा है कि गजनेर रोड पर खुदाई के दौरान 33 केवी बिजली की लाइन में कट लग गया, जिससे ओल्ड पावर हाउस, इंदिरा कॉलोनी, करणी सिंह स्टेडियम, अनाज मंडी एरिया, गिन्नाणी, कलेक्ट्रेट, आचार्यों की बगेची, गवर्नमेंट प्रेस रोड, डीटीआर-1, डीटीआर-2 पुलिस लाइन सहित आसपास के एरिया में रात करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई। करीब साढ़े बारह बजे बिजली लाइन में कट मिल गया। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद लाइन को दुरुस्त कर दिया।

पार्षद का हिस्ट्रीशीटर पिता व दोस्त गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला अस्पताल से किशोर का अपहरण करके ले जाने और जान से मारने की धमकी के आरोप में जवाहर नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर इंदिरा कॉलोनी निवासी कालिया लट्टू उर्फ मुरारीलाल डागला पुत्र कानाराम तथा भुट्टो पुत्र मोहम्मद हसन को सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

इस मामले में ही कालिया लट्टू के बेटों इशु डागला व अभिषेक डागला को अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। मामले के जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल झाबरमल ने बताया कि आरोपियों ने दो नवम्बर को दोपहर में जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड से भर्ती 15 साल के किशोर तथा उसकी मां का अपहरण कर लिया था।

आरोपी पार्षद अक्षय डागला के खिलाफ दर्ज करवाए गए पोक्सो एक्ट के मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। इनको कोतवाली पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर तीन नवम्बर को न्यायिक हिरासत में भिजवाया था। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों को केन्द्रीय कारागृह से गिरफ्तार किया गया है। इनको मंगलवार को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया जायेगा।

जवाहर नगर एसएचओ देवेंद्र राठौड़ ने बताया कि आरोपी पार्षद अक्षय डागला के खिलाफ दर्ज मुकदमे के पीड़ित 15 वर्षीय किशोर का मेडिकल मुआयना हो चुका है। पीड़ित किशोर के अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होंगे। बयानों की प्रमाणित प्रति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जायेगी। फिलहाल पार